तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि

कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 7 जून 2024

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

12 14 लाख का भुगतान फिर भी दो साल में स्वास्थ्य...

12 गितपहर में वृक्ष मित्र मंडल का किया गठन, पेड़ों...

NEET रिजल्ट में प्राईम कैरियर इंस्टीट्यूट का जलवा बरकरार : प्राईम कैरियर इंस्टीट्यूट

प्राइम कैरियर इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों ने नीट 2024 में पूरे छत्तीसगढ़ में सर्वाधिक व सर्वश्रेष्ठ परिणाम देकर पूरे प्रदेश व देश में एक अलग पहचान बनाया इस वर्ष भी NEET परीक्षा में राहुल चन्द्रवंशी 688, किशन 685, निखिल 685, अरविन्द प्रजापति 670, कुशलेन्द्र ओझा 668. इसी प्रकार आदित्य राजपूत, कुलदीप, रुचि भारद्वाज, कोहिनूर लीलिमा, स्नेहा, रिसिका साहू, लुप्रिया रॉय, टंकेश सिन्हा, वर्षा बंजारे, कशिश मेश्राम का चयन छत्तीसगढ़ व पूरे देश के प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेजों में दाखिला होने की पूरी संभावनायें हैं।

सभी चयनित छात्रों को संस्था के डायरेक्टर द्वारा बधाई व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। बच्चों ने इस सफलता का श्रेय प्राइम कैरियर इंस्टीट्यूट के शिक्षकगण अपने माता-पिता व कठिन परिश्रम को दिया। प्राइम कैरियर इंस्टीट्यूट में नीट की नई बैच 10 जून से प्रारंभ हो रही है। ड्रापर बैच में डेली 6 घंटे क्लासेस व 3 घंटे डाउट क्लास होगी। हर संडे नीट आधारित टेस्ट ली जायेगी, जिसका परिणाम सोमवार को दी जायेगी। बच्चों को कम्प्लीट स्टडी मटेरियल पैकेज, बैग, ड्रेस, आई कार्ड दी जायेगी। संस्था में लाइब्रेरी व हॉस्टल सुविधा भी उपलब्ध है। मेघावी, BPL कार्डधारी व आर्थिक रुप से कमजोर बच्चों को फीस में विशेष छूट दी जायेगी। बच्चों को दिल्ली व कोटा के अनुभवी व विषय विशेषज्ञों शिक्षकों द्वारा अध्ययन कराया जायेगा। बच्चों को मोटिवेशन क्लासेस भी कराया जाता है, जिससे बच्चों का आत्मविश्वास जागृत होती है। भिलाई में तीन ब्रांच है। प्राइम कैरियर इंस्टीट्यूट, शॉप नं. 58 'A' मार्केट, सेक्टर-10 भिलाई, दूसरा शॉप नं. 178/179 न्यू सिविक सेन्टर भिलाई व तीसरा शॉप नं. 133 न्यू सिविक सेंटर भिलाई में है। मो. नं. - 83195-71812, 78801-68887.

RAHUL CHANDRAVANSHI 688/720

KAUSHLENDRA OJHA 668/720

NIKHIL 685/720

छत्तीसगढ़ में सर्वाधिक रिजल्ट देने वाली संस्था प्राइम केरियर इंस्टीट्यूट

Advt.

खबर संक्षेप

आरआई ने संभाला यातायात का प्रभार

कांकेर। नारायणपुर में पदस्थ आरआई दीपक साव का स्थानान्तरण कांकेर जिला हुआ था, जिन्होने कांकेर में कुछ दिन पहले ही कार्यभार संभाला था। कांकेर में कार्यभार संभालने के उपरांत उनको यातायात प्रभार का दायित्व मिला। मीडिया से रूबरू होते हुए उन्होने बताया कि बस्तर संभाग में बीजापुर में 2 साल और नारायणपुर में 8 साल तक सेवाएं दिया। कांकेर में पदस्थ तत्कालीन आरआई मोहसिन खान का कांकेर से नारायणपुर स्थांतरण हुआ था, जो कुछ दिन पहले नारायणपुर के लिए रिलीव हो चुके है।

पीएटी व पीवीपीटी की परीक्षा 9 को कांकेर में

कांकेर। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा 09 जून दिन रविवार को प्रातः 09 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक पीएटी एवं पीव्हीपीटी प्रवेश परीक्षा का होगी। जिले से पीएटी में 1075 एवं पीव्हीपीटी प्रवेश परीक्षा में 643 परीक्षार्थी सहित कुल 1718 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा उक्त परीक्षा के सफल संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर आस्था बोरकर को नोडल अधिकारी तथा सहायक संचालक शिक्षा लक्ष्मण कावड़े को सहायक नोडल अधिकारी बनाया है। परीक्षा शा. भानुप्रतापदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शा. इंदरू केंवट कन्या कॉलेज, शा. पं. विष्णु प्रसाद शर्मा हायर सेकेंडरी स्कूल गोविंदपुर, सेंट माईकल हायर सेकेंडरी स्कूल गोविंदपुर, शा. नरहरदेव हायर सेकेंडरी स्कूल तथा शा. कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल लट्टीपारा को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

चुनाव के बाद 45 दिनों तक परिणाम ईवीएम व पोस्टल बैलेट स्ट्रांगरूम में रहेंगे सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

लोकसभा चुनाव का परिणाम घोषित हो चुका है, लेकिन जिला प्रशासन की जिम्मेदारी अभी खत्म नहीं हुई है। मतगणना से असंतुष्ट कोई भी प्रत्याशी या राजनीतिक दल की ओर से ईवीएम मशीनों में छेड़छाड़, किसी बूथ में संभावना से कम वोट मिलने या अन्य किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की आशंका होने पर न्यायालय में याचिका लगा सकता है, इसके लिए उनके पास सिर्फ 45 दिनों का समय रहेगा। इन 45 दिनों तक सभी ईवीएम मशीन और डाकमत पत्रों को सुरक्षित रखा जाता है। प्रशासन ने याचिका टाइम तक के लिए सभी ईवीएम मशीनों व डाकमत पत्रों को शासकीय पॉलीटेक्निक नाथियानवागांव स्ट्रांग रूम में रखकर सीलबंद कर दिया है। ईव्हीएम को अब याचिका टाइम खत्म होने के 45 दिन के बाद ही स्ट्रांगरूम से निकाला जा सकेगा। इसके बाद ही मशीनों का डाटा क्लीयर किया जाएगा, लेकिन मशीनों को स्ट्रांग रूम से निकालने से पहले प्रशासन को कोर्ट से ईव्हीएम मशीनों को लेकर कहीं कोई याचिका लगी तो नहीं, इस संबंध में जानकारी लेनी होगी। इस बीच अगर एक भी याचिका लगाई जाती है, तो ईव्हीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम में तब तक सुरक्षित रखा जाएगा, जब तक याचिका पर कोई फैसला नहीं आ जाता है। ईव्हीएम को स्ट्रांग रूम में मतगणना के बाद सील करके रखा गया है और उनकी सुरक्षा पर पुलिस बल लगा हुआ है। स्ट्रांग रूम की चौकसी 45 दिनों तक जवानों के द्वारा किया जाएगा।

गड़बड़ी की आशंका पर न्यायालय में याचिका लगा सकेंगे

उच्च न्यायालय से पुष्टि के बाद डाटा करेंगे क्लीयर

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा कि चुनाव परिणाम के बाद 45 दिनों तक सभी ईव्हीएम व डाक मत पत्रों को सुरक्षित शासकीय पॉलीटेक्निक कालेज नाथियानवागांव में सीलबंद कर रखा गया है। इस दौरान अगर याचिका नहीं लगाई जाती है, तो समय खत्म होने के बाद उच्च न्यायालय से पुष्टि की जाकर मशीनों को बाहर निकालकर उसका डाटा क्लीयर करने की प्रकिया की जाएगी।

परीणाम : भाजपा के जिम्मेदार पदाधिकारियों ने अपने मतदान केंद्रों को लीड दिलाने में रहे सफल

कांकेर नगरीय क्षेत्र के 22 मतदान केंद्रो में से 19 पर भाजपा को बढ़त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

नगरीय ईलाके कांकेर यानी नगर परिषद क्षेत्र में 22 मतदान केंद्र थे, इन मतदान केंद्रो में से 19 में भाजपा को बढ़त मिली वहीं 03 मतदान केंद्रो पर कांग्रेस आगे रही। यह तीनों मतदान केंद्र में विधानसभा, लोकसभा व नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस का ही दबदबा रहता है। दिसंबर में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा इस बार इन मतदान केंद्रो को जीतने के लिए क्या रणनीति बनाती है, यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

- भाजपा शहर के केवल तीन मतदान केंद्रो पर रही पीछे
- विधानसभा और लोकसभा में नगरीय निकाय में भाजपा आगे

जानकारी के अनुसार भाजपा के किसी बड़े नेता का निवास नगरीय ईलाके में नहीं है। युवा मोर्चा और जिले के पदाधिकारियों का ही निवास नगरीय ईलाके में है। विधानसभा सीट सुरक्षित होने के चलते विधायक व सांसद अभी तक ग्रामीण ईलाके से ही बनते आ रहे है। शहरी ईलाको में संगठन के ही पदाधिकारी निवासरत है। विधानसभा व लोकसभा में शहरी मानसिकता अभी तक भाजपा के पक्ष में रहा है वहीं नगरीय निकाय में माहौल बदल जाता है। विधानसभा और लोकसभा में नगरीय निकाय में भाजपा आगे रही। लोकसभा में भाजपा केवल दो वार्ड संजय नगर और शीतलापारा में ही पीछे रही। लोकसभा में भाजपा को भंडारीपारा में सबसे ज्यादा 593 मतों से लीड मिली, वही सबसे कम लीड महादेव वार्ड से 03 मत की मिली। भाजपा के जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष राजीव लोचन सिंह बरदेभाटा में निवासरत है और इन वार्डो में भाजपा की लीड मिली है। भाजपा के मंडल अध्यक्ष दीपक खटवानी सुभाष वार्ड में निवासरत है और इस वार्ड से भाजपा को लीड मिली है। जवाहर वार्ड में नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष जयंत अटभैया पार्षद है, इस वार्ड से भी भाजपा को लीड मिली। मंडल के महामंत्री अरूण कौशिक की पत्नी उदय नगर से पार्षद है, इस वार्ड से भी भाजपा को लीड मिली। भाजपा के नगरीय ईलाके में निवासरत भाजपा के पदाधिकारियों ने मेरा बूथ, सबसे मजबूत स्लोगन को सही साबित करने में कामयाब रहे।

तीन मतदान केंद्रो में भाजपा हारी

नगरीय ईलाके कांकेर के तीन मतदान केंद्र 54, मतदान केंद्र 55 और मतदान केंद्र 60 में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा। इन मतदान केंद्रो में अधिकतम भाजपा को हार का सामना करना पड़ता है। मतदान केंद्र क्रमांक 54 में 23 मत से, मतदान क्रमांक 55 में 156 मत और मतदान क्रमांक 60 में 31 मत से भाजपा को हार का सामना करना पड़ा।



शहर के वार्डो में हुआ मतदान और जीत का अंतर

मत. क्रमांक एवं नाम	कांग्रेस	भाजपा	अंतर
51 माहुरबंदपारा	256	373	117
53 जवाहर वार्ड	178	443	265
54 संजय नगर-1	351	328	-23
55 संजय नगर-2	422	266	-156
56 अलबेलापारा	217	445	228
57 उदयनगर शिवनगर	320	609	289
58 महादेव वार्ड	272	275	03
59 शीतलापारा-1	356	422	66
60 शीतलापारा-2	185	154	-31
61 मांझापारा	116	460	304
62 अन्नपूर्णापारा	210	624	414
63 जनकपुर-1	169	362	193
64जनकपुर-2	142	398	256
65 कंकालिनपारा-1	287	547	260
66 कंकालिनपारा-2	212	537	325
67 राजापारा	149	568	419
68भंडारीपारा	224	817	593
69 श्रीरामनगर	270	461	191
71 सुभाषवार्ड	169	458	289
72 एमजी वार्ड	108	381	273
73 आमापारा	158	436	278
100 बरदेभाटा	140	295	155
कुल	4911	9659	4748

द्रोणिका से नमी बढ़ी बदला मौसम प्री-मानसून वर्षा से लुढ़का तापमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

नौतपा के दौरान अपनी तपिश से सताने वाला तापमान अब लगातार नीचे आने लगा है। प्री- मानसून बारिश के चलते तापमान पिछले एक सप्ताह में ही करीबन 4 से 5 डिग्री लुढ़क गया है। अंचल में प्री-मानसून का कारण नमी की मात्रा बढ़ने के साथ ही यूपी से असम तक स्थित एक द्रोणिका को माना जा रहा है। गुरूवार को दोपहर को हल्की बूंदाबांदी हुई। जिले के ग्रामीण ईलाके में गड़गड़ाहट से बिजली गिरी, जिससे जानवर भी मृत हुए। मौसम विभाग के अनुसार कांकेर अंचल में 13 से 17 जून के मध्य मानसून दस्तक दे सकता है।

- ग्रामीण इलाके में बिजली गिरी, जानवरों की मौत हुई

जिला मुख्यालय में सुबह से लेकर देर रात तक गर्म हवाओं के थपेड़ों की वजह से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा, लेकिन अब मौसम ने करवट बदल ली है। विभाग के अनुसार मानसून अपने तय समय के अनुसार ही आगे बढ़ रहा है। प्रदेश में इसके 13 जून के आसपास दस्तक देने की उम्मीद है, जबकि कांकेर में मानसून 10 जून तक आ सकता है। उल्लेखनीय है कि इस बार अप्रैल और मई के शुरूआती दिनों में गर्मी ने अधिक परेशान नहीं किया, लेकिन उत्तर-पश्चिम से आई गर्म हवाओं की वजह से नौतपा ने खूब तपाया। कई सालों बाद अंचल का अधिकतम तापमान 44 डिग्री को पार कर गया। हीटवेव का अलर्ट जारी किया जा रहा था, लेकिन अब मौसम में आए बदलाव के बाद अलर्ट का मिजाज भी बदल गया है। इस बार भी मानसून के सामान्य रहने की संभावना जताई गई है।

इस कारण से बदला मौसम

मौसम में हुए बदलाव के पीछे एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी उत्तरप्रदेश के ऊपर 15 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों में गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की भी संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में हल्की उतार-चढ़ाव की स्थिति बने रहने की संभावना है।

गाज गिरने से बैल की मौत

जिला मुख्यालय कांकेर एवं आसपास में 6 जून को दोपहर बाद बिजली की गड़गड़ाहट के साथ बारिश हुई। इस बारिश से भर्रीटोला में 6 जून को दोपहर साढ़े 4 बजे गाज गिरने से एक बैल की मृत्यु हो गई, जिसकी पुष्टि बैल मालिक किसान सोनुराम पिता फरसु ने किया।

3 हजार पौधे लगाने का रखा गया लक्ष्य

कांकेर। खमडोढ़गी के नवयुवक मंडल, प्रबंधन समिति एवं पर्यावरण मित्र सेना के द्वारा एक कदम, गांव की ओर कार्यक्रम अतंर्गत पौधारोपण 5 जून को किया गया। रोपे गए पौध के देखरेख की जिम्मेदारी नवयुवक मंडल और प्रबंधन समिति ने लिया है। बरसात के आते तक नवयुवक मंडल, प्रबंधन समिति एवं समस्त ग्रामवासियों ने 3 हजार पौधरोपण कर बचाने की योजना बनाई हैं। इस योजना को सफल बनाने में समर्थन संस्था (सेंटर फॉर डेवलपमेंट सपोर्ट) एवं संकल्पतरू फाऊंडेशंस और वाटर सेट परियोजना (कृषि विभाग) द्वारा सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

डीजे ने जेल का निरीक्षणकर सुविधाओं की ली जानकारी

कांकेर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला व सत्र न्यायाधीश आनंद कुमार ध्रुव ने जेल का औचक निरीक्षण किया और जेल की व्यवस्थाओं के साथ ही कैदियों को मिल रही सभी सुविधाओं की जानकारी लिया।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष के निर्देश पर एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के अध्यक्ष के मार्गदर्शन में 5 जून को जिला व सत्र न्यायाधीश आनंद कुमार ध्रुव ने जेल के बैरकों, स्नानागार, जेल परिसर में स्वच्छता एवं बंदियों के भोजन एवं स्वास्थ्य सुरक्षा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने जेल परिसर का निरीक्षण करते हुए बैरकों की क्षमता, स्वच्छता एवं बैरकों में रखे जाने वाले बंदियों की संख्या, बैरकों में सिलन या बारिश के दौरानी पानी का रिसाव, रसोई कक्ष की स्वच्छता, बंदियों के पीने के पानी एवं भोजन की गुणवत्ता, बंदियों के लिए खेल एवं व्यायाम के साधन व प्रशिक्षण की जानकारी लिया। निरीक्षण के दौरान कैदियों को मिलने वाली आवश्यक सुविधाओं की जानकारी कैदियों से ली गई जिसमें कैदियों ने बताया कि उन्हें सभी आवश्यक सुविधाएँ मिल रही हैं। जिला व सत्र न्यायाधीश ने सहायक जेल अधीक्षक रेणु ध्रुव को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव भास्कर मिश्र सहित जेल स्टाफ उपस्थित रहे।

हरिभूमि

पाठक सूचना

कांकेर जिले में

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

3 साल बाद गुरुवार को बना वट सावित्री व्रत का संयोग

पति की दीर्घायु के लिए सुहागिनों ने रखा व्रत व वट सावित्री पूजा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

सनातन धर्म में वट सावित्री पूजा सुहागिन महिलाओं के लिए बेहद खास माना गया है। प्रत्येक साल इस पर्व को ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को सुहागिन महिलाओं द्वारा मनाया जाता है। इस साल वट सावित्री व्रत बेहद खास रहा, क्योंकि इस दिन तीन साल बाद गुरुवार का महासंयोग बना। गुरुवार के दिन भगवान विष्णु की आराधना की जाती है। आज से तीन साल पहले 10 जून 2021 को वट सावित्री व्रत के दिन गुरुवार का संयोग बना था। इसके अलावा आज शनि जयंती का भी संयोग बना है।

- सत्यवान और सावित्री की कथा का श्रवण भी किया

जिलेभर में गुरुवार को सुहागिनों ने वट सावित्रि का व्रत रखा। जिला मुख्यालय कांकेर के सभी वार्डो में वट सावित्री व्रत के दिन सुहागिन महिलाओं के बीच काफी उत्साह देखने को मिला। मरीन ड्राईव में शिव मंदिर सहित अन्य स्थानों पर महिलाएं एकत्रित होकर पूरे विधि-विधान से बरगद पेड़ की पूजा की और सत्यवान और सावित्री की कथा का श्रवण भी किया। इस दिन विवाहित महिलाएं बरगद के पेड़ की पूजा करती हैं और उसमें कच्चा सूत लपेटती हैं। साथ ही अपने पति की लंबी उम्र की कामना किया। इस दौरान फल और नैवेद्य भी महिलाएं अर्पित करती हैं। इस पूजा को लेकर ऐसी मान्यता है कि इस दिन वट वृक्ष की पूजा से पति दीर्घायु होता है। इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति के दीर्घायु और सुख-समृद्धि के लिए व्रत रखती हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार सावित्री ने यमराज को अपने पति सत्यवान के प्राण को लौटाने पर विवश किया था, इसलिए विवाहित स्त्रियां पति की लंबी आयु के लिए वट वृक्ष के नीचे व्रत वाले दिन पूजा करती है। उदय नगर वार्ड की महिलाओं के द्वारा अपने पति की दीर्घायु एवं सुखी जीवन के लिए वट सावित्री व्रत रखकर वट वृक्ष की पूजा अर्चना किया गया। इस दौरान उदय नगर वार्ड की पार्षद श्रीमती विजयलक्ष्मी कौशिक, रामेश्वरी गौतम, लक्ष्मी ठाकुर रोमी चौहान, रेणुका सिन्हा, दीप्ति ठाकुर, सीमा गोसाई, अनिता गुप्ता, माही ठाकुर एवं अन्य वार्डवासी उपस्थित रहे।

बरगद पेड़ की पूजा का महत्व

धार्मिक मान्यता के अनुसार बरगद के पेड़ में त्रिदेव यानी ब्रह्मा, विष्णु एवं महेश का वास होता है। इस पेड़ की पूजा करने से जीवन में सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है, क्योंकि बरगद के पेड़ की आयु बहुत लंबी होती है, इसीलिए इसे अक्षय वृक्ष भी कहा जाता है।

बाइक से गिरकर युवक घायल

फरसगांव। जिले के बड़ेराजपुर ब्लॉक अन्तर्गत ग्राम जामपारा में गुरुवार को बाइक से गिरकर ग्राम हरवेल निवासी सुरेश यादव पिता श्यामलाल उम्र 35 वर्षिय गंभीर रूप से घायल हो गया । जिसे परिजनों द्वारा उपचार के लिए फरसगांव अस्पताल लाया गया । सुरेश यादव के सर में गम्भीर चोट आने के चलते फरसगांव अस्पताल में प्राथमिक उपचार किया गया। उसके बाद उसे बेहतर उपचार के लिए रायपुर अस्पताल रिफर किया गया है । जानकारी अनुसार सुरेश यादव गुरुवार को ढोढरा गांव गया हुआ था। ढोढरा गांव से वापस बाइक में सवार होकर अपने घर जा रहा था।

नालाझर में पशुओं का टीकाकरण, पशुपालकों को जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

औषधियों का भी किया गया वितरण, उन्नत नस्ल से आय बढ़ाने के बारे में बताया

ग्राम पंचायत कोहकामेटा के आश्रित ग्राम नालाझर में पशुओं में निःशुल्क टीकाकरण करने एवं केसीसी शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम के पशुओं को वर्षा जनित संक्रामक रोगों से बचाव के लिए गलघोटू एवं एक टंगिया रोग का टीकाकरण किया गया। साथ ही ग्राम के पशुपालकों को गाय, बैल, भैंस, भैंसा बकरी, सूअर एवं मुर्गियों के लिए जीवनोपयोगी पशु औषधियों का भी निःशुल्क वितरण किया गया।

शिविर का आयोजन डॉ. चार्ली पोर्ते के निर्देशन में किया गया। सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी केशकाल गिरजाशंकर साहू द्वारा विभागीय जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में पशुपालकों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। पशुपालकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए जिला सहकारी बैंक से दुधारू गाय, भैंस, बकरियों व सुकर के लिए बिना ब्याज का ऋण सुविधा।

विशेष कर गाय व भैंस में नस्ल सुधार के लिए कृत्रिम गर्भाधान कराने, कृत्रिम गर्भाधान से उत्पन्न बछिया को मादा वत्स भरण पोषण योजना के अंतर्गत आर्थिक सहायता , बकरी पालकों को देशी बकरियों में नस्ल सुधार के लिए उन्नत नस्ल का बकरा और इसी तरह देशी सूकरों के लिए उन्नत नस्ल का सुकर पालन कर आर्थिक आय को बढ़ाने के संबंध में आवश्यक जानकारी दिया गया।

ये रहे उपस्थित

आयोजित शिविर में पशु चिकित्सालय केशकाल के मोबाइल वेटनरी यूनिट से गजेंद्र जैन व महेश साहू सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी परिचारक तिलक ध्रुव रामचंद घनश्याम बघेल उपस्थित रहे।

विश्व पर्यावरण दिवस : जल के बिना हमारा अस्तित्व ही नहीं : जीवराखन मरई

गंगरेल स्थित मां अंगारमोती मंदिर परिसर में फलदार पौधे लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

विश्व पर्यावरण दिवस पर आदिशक्ति मां अंगारमोती परिसर गंगरेल में युवा प्रभाग गोंड़ समाज जिला धमतरी व्दारा पौधरोपण का कार्यक्रम, प्लास्टिक मुक्त स्वच्छता अभियान कार्यक्रम तथा जल जगार संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आदिशक्ति मां अंगारमोती ट्रस्ट गंगरेल एवं गोंड़ समाज के पदाधिकारी शामिल हुए। सभी ने मां अंगारमोती परिसर में फलदार पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मौके पर 10 वीं तथा 12 वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले गोंड़ समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। वहीं रक्तदान करने वाले समाज के युवाओं को भी सम्मानित किया गया। सभाकक्ष में मां अंगारमोती परिसर में छात्रों एवं जनसमुदाय को जल जगार की महत्ता को बताते हुए दैनिक उपयोग के पानी, वर्षा के पानी को सुरक्षित एवं संरक्षित तथा उनके रिचार्ज के संबंध में जानकारी दी गई। वहीं सूखे हैंण्डपंप, सूखा तालाब, सूखी डबरी में जल संरक्षण तकनीक को बारीकी से समझाया गया।

- प्रकृति को बचाना हम सबका कर्तव्य: माधव सिंह

सभा को संबोधित करते हुए मां अंगारमोती ट्रस्ट के अध्यक्ष जीवराखन मरई ने जल संरक्षण पर जानकारी देते हुए कहा कि आप सभी जल की उपयोगिता और महत्ता को समझे। जल के बिना हमारा अस्तित्व ही नहीं रहेगा। हम जल संरक्षण के महत्व को समझेंगे, तभी भविष्य की पीढ़ियों को प्रभावित होने से बचा सकते हैं। पर्यावरण को बचाने के लि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवनकाल कम से कम 100 पेड़ लगाने तथा उन्हें संरक्षित करने की दिशा में काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने 10 वीं 12 वीं के बच्चों को मोटिवेट करते हुए कहा कि आपका भविष्य उज्ज्वल है। अंगारमोती ट्रस्ट की ओर से आने वाले समय में समाज के छात्र छात्राओं को हरसंभव सहयोग किया जाएगा।

गोंड़ समाज के जिलाध्यक्ष माधव सिंह ठाकुर ने कहा कि पर्यावरण और प्रकृति एक दूसरे के पूरक हैं। प्रकृति को बचाना हम सबका कर्तव्य है। आज जंगल कट रहे हैं जिसका सीधा असर लोगों के जीवन पर पड़ रहा है। लगातार प्रदूषण बढ़ रहा है। लोग बीमार हो रहे हैं। आदिवासी समाज प्रकृति पूजक है। यदि प्रकृति को बचाना है तो हम सभी को अपने घर के आसपास वृक्ष लगाना बेहद जरूरी है।

डॉ. एआर ठाकुर ने कहा कि आज जिन युवाओं को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। वे लगातार रक्तदान कर समाज के लोगों की सेवा कर रहे हैं। रक्तदान ऐसा पुनीत कार्य है जिससे किसी का जीवन बचता है। प्राचार्य गेवाराम नेताम ने मेधावी छात्र- छात्राओं को शासन स्तर पर मिलने वाली योजनाओं के बारे में बताया।

कार्यक्रम के अंत में गोंड़ महासचिव उदय नेताम ने जल संरक्षण, अपने-अपने घरों में पौधा लगाने और उन्हें संरक्षित करने की शपथ दिलाई ।

मौके पर प्रमुख रूप से उदय नेताम, ढालूराम ध्रुव, गेवाराम नेताम प्राचार्य, गंगाधर ध्रुव व्याख्यता, दौलत राम ध्रुव, कमलेश मंडावी, ओंकार नेताम, वीरेन्द्र कुंजाम, नरेन्द्र ध्रुव, संजय ध्रुव, चमेली नेताम, अंबिका ध्रुव, संतोषी ध्रुव, गौतम मरकाम, कमलेश मंडावी सहित बड़ी संख्या में सामाजिकगण तथा छात्र-छात्राओं के अभिभावक उपस्थित थे।

सम्मानित हुए 12वीं, 10वीं बोर्ड के मेधावी विद्यार्थी

कार्यक्रम में 12 वीं बोर्ड के मेधावी छात्र-छात्राएं लोमेश कुमार बरबांधा, निधि नेताम बरौली, हेमंत कुमार सोनझरी, तोषक कुमार सोनझरी, योगेश्वरी, डेविड कुमार गोपालपुरी, भोली गोरेगांव, वेदिका कसपुर, ईशिका खल्लारी तथा 10 वीं बोर्ड के पंकज कुमार मरकाम गिरोलाडीह, भोजरानी ध्रुव आलेखुंटा, भुलेश ध्रुव आलेखुंटा, संजीव कुमार पेण्ड्रा, भूपेन्द्र नेताम गोबरापठार, दिव्या नेताम झीपाटोला, मंजीता मंडावी परसापानी, चिमन कुमार पडौटी अमलीपारा, हेमंत कुमार भोथापारा, रीना भोथापारा, कशिश उईके अछोटा, याशिनी मरकाम डोंगरडुला, रागिनी डोंगरडुला, ज्योति नेताम कोटामर्री, मानसी कल्लेमेटा, नीलम पोड़ागांव, पंकज कुमार मण्डारवाही, गुलशन कुमार सोरी धनोरा, कल्याणी धनोरा, पीयूष नाग पोड़ागांव, संगीता गट्टासिल्ली, साक्षी भोथा ,माविश ध्रुव चोरभट्टी, दीपाली कोर्राम सौंराबांधा, घृतांजलि ध्रुव अर्जुनी ,रेवती बाजार कुर्रीडीह, दिनेश्वरी मारागांव, प्रिया मगरलोड का सम्मान किया गया।

युवा रक्तदान दाता हुए सम्मानित

इस दौरान अपना रक्त देकर दूसरों की जान बचाने वाले रामेश्वर मरकाम, तिजेन्द्र कुंजाम, वेदप्रकाश कोर्मर्रा, दिग्विजय सिंह ध्रुव, बंटी मरकाम, हर्ष मरकाम, मोती टेकाम, संजू नेताम, हीरालाल मंडावी, तोरण ध्रुव, दीपेन्द्र मरकाम, दीपेश जुर्री, खिलेश नेताम, अर्जुन मंडावी, केवल नेताम, सुखदेव नेताम, सुनील मंडावी, हेमंत पाले का भी सम्मान किया गया।

आकाशीय बिजली ने किया राम मंदिर शिखर का स्पर्श

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंडागांव

आज शाम लगभग चार बजे नगर में जमकर वर्षा हुई। साथ ही तेज हवा के साथ आकाशीय बिजली कड़कती रही। नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी ओमप्रकाश टाबरी ने बताया कि नगर के सबसे प्राचीन राममंदिर के पीछे हो रहे भव्य राममंदिर के ठीक शिखर बिंदु पर आकाशीय बिजली ने स्पर्श किया। जिसे नगरवासियों ने स्पष्ट रूप से ना सिर्फ देखा, अपितु फोटो भी खींचा। भूमि से 60 फुट ऊंचाई पर है मंदिर का शिखर बिंदु। अधिक ऊंचाई होने के कारण इस पर तड़ित चालक भी लगाया जाएगा। आज की घटना को ईश्वरीय ऊर्जा से जोड़कर देखा जा रहा है। इस पर राम मंदिर के पुजारी उमा शंकर तिवारी ने चर्चा में बताया कि आकाशीय बिजली का मंदिर के शिखर बिंदु का स्पर्श धार्मिक रूप से काफी अच्छा माना जाता है। बता दे कि कोंडागांव क्षेत्र के सबसे पुराने राम मंदिर का जन सहयोग से भव्य राम मंदिर का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें लगभग 6 माह बाद मूर्तियों की स्थापना की जानी है।

देव कोठार में 15 सालों से मना रहे विश्व पर्यावरण दिवस

जगदलपुर। बस्तर विकासखण्ड के ग्राम भोंड के पिडसीपारा में देव कोठार स्थल डोंगरी है। यहां के ग्रामीण 5 जून को उत्सव के रूप में पर्यावरण दिवस मनाते आ रहे है। पर्यावरण दिवस पर अतिथियों को आमंत्रित कर उत्सव की तैयारी की गई। देव कोठार पिडसीपारा शांत प्राकृतिक जंगल है जहां डोंगरी में देव पूजा की जाती है। बारिश के दिनों में देव कोठार स्थल से ऊपर से नीचे मार्ग में बारिश का पानी उतरता है, मानो झरना सा मनोरम दृश्य झलकता है। इस स्थल पर हर वर्ष पौधरोपण कर वृक्षों की हिफाजत एवं देखरेख ग्रामीण करते हैं। इस वर्ष पर्यावरण दिवस पर यूथ हॉस्टल दल को आमंत्रित किया गया। जिसमें अनिल लुक्कड़, सुभाष श्रीवास्तव, मनीष मूलचंदानी उपस्थित रहे। देव कोठार भूमि में रुद्राक्ष के पौधे को रोपित किया गया। साथ ही बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। जिसमें स्वागत गीत में पर्यावरण को शामिल किया गया। साथ ही बस्तर मोचो काय सुंदर माटी, महुआ झरे रे गीत पर नृत्य की प्रस्तुति दी गई। ग्रामीणों की शिक्षा तथा व्यवहार पर नाटक का मंचन किया गया। उपस्थितजनों ने सांस्कृतिक आयोजन को सराहा।

पर्यावरण दिवस पर 10 तालाबों में 2500 लोगों ने किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सफाई के बाद फलदार, फूलदार, छायादार पौधों का रोपण कर सुरक्षा का लिया संकल्प

विश्व पर्यावरण दिवस पर बुधवार को शहर के करीबन 2500 नागरिकों ने शहर के 10 तालाबों में श्रमदान किया और पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संदेश दिया। यह पहल नगर पालिक निगम के आह्वान पर की गई। इस अभियान में शहरी नागरिक, अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक, पत्रकार, व्यापारी, मजदूर सहित स्वच्छता दीदियों आदि ने स्वस्फूर्त भाग लेकर सैकड़ों टन कचरा तालाब से बाहर किया जिसे ट्रेक्टर के माध्यम से ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया। सफाई अभियान सुबह 8 बजे शुरू हुआ जो कई घंटों तक चला। सफाई के बाद तालाब किनारे विभिन्न प्रजातियों के फलदार, फूलदार, छायादार पौधों का रोपण कर देखरेख करने का संकल्प लिया।

- सुरक्षा की जिम्मेदारी सबकी है पेड़ पौधे जीवन का आधार

पर्यावरण को सुरक्षित रखना सबका कर्तव्य : आयुक्त

इस अवसर पर आयुक्त विनय कुमार पोयाम ने कहा कि बेहतर जीवन के लिए पर्यावरण का संतुलित होना आवश्यक है। इनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी सबकी है। पेड़ पौधे जीवन का आधार है। प्रत्येक नागरिक को अपने आसपास पौधरोपण कर उसकी देखरेख करनी चाहिए। प्रकृति के संरक्षण के लिए हमें संकल्प लेकर कार्य करना होगा। आने वाली पीढ़ी के लिए हम अभी से तैयार रहेंगे तभी प्रकृति बचेगी। शहर को साफ सुथरा रखना सभी की जिम्मेदारी है।

इन तालाबों की हुई सफाई

नागरिकों के सहयोग से नागसागर तालाब हटकेशर, कांटा तालाब सुभाष नगर, आमातालाब अम्बेडकर वार्ड, रमसगरी तालाब, बनिया तालाब महंत घासीदास वार्ड, महिमासागर तालाब, बठेना तालाब, कलार तालाब रामपुर वार्ड, मकई तालाब, कठौली तालाब, कोष्टापारा में सफाई अभियान चला।

3 से 4 घंटे किया श्रमदान

सफाई अभियान में प्रत्येक तालाब में करीब 150 लोग जुटे रहे जिन्होंने 3 से 4 घंटे तक श्रमदान किया। सामाजिक संगठनों की ओर से यूथ हॉस्टल एसो., पूज्य सिंधी पंचायत, ब्राम्हण समाज, कुम्हार समाज, मराठा समाज, यादव समाज, आस्था मंच, ग्रीन आर्मी, दिव्या तपस्विनी चैरिटेबल ट्रस्ट, मां कामाख्या चैरिटेबल ट्रस्ट, लायंस क्लब, मछुआरा समिति, ईसाई समाज, सेन समाज आदि ने हिस्सा लिया। इस दौरान महापौर विजय देवांगन, आयुक्त विनय कुमार पोयाम, उपायुक्त पीसी सार्वा, पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, संस्थाओं के प्रमुख मौजूद थे।

विधायक टेकाम गुरुवार को लगाएंगे जनदर्शन जनता से करेंगे मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ धनौरा

विधानसभा केशकाल के विधायक नीलकंठ टेकाम लोकसभा चुनाव के आचार संहिता ख़त्म होने के बाद अब एक्शन मोड में दिखने लगे हैं। विधायक श्री टेकाम अपने कार्यलय में प्रत्येक गुरुवार को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक जनदर्शन लगाकर विधानसभा की जनता से मुलाकात करेंगे। उनकी समस्याएं सुनकर उनका निराकरण करेंगे।

विधायक टेकाम सभी मण्डल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री व कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए यह बात कही की क्षेत्र की जनता के समस्याओं को लेकर अब परेशान न होना पड़े इस लिए यह सूचना प्रसारित करने में सहयोग करें। जनता के समस्याओं का त्वरित निराकरण कराने में हम सफल हो सकें । चूंकि लोकसभा चुनाव के वयस्तता के चलते क्षेत्र में रुकी हुई सभी कार्यों को गति मिलेगा व जनता को छोटी समस्याओं को लेकर ज्यादा मुश्किलों का सामना नही करना पड़ेगा।

- केशकाल निवास में जनदर्शन लगाकर समस्याएं भी सुनेंगे

लोकसभा चुनाव को लेकर नीलकंठ टेकाम ने काफी मेहनत की थी कांकेर लोकसभा के प्रत्याशी भोजराज नाग के पक्ष में उन्होंने लगातार धुआंधार प्रचार किया था। जिसका परिणाम भी उन्हें मिला कांकेर लोकसभा के प्रत्याशी भोजराज नाग ने जीत दर्ज कर कांकेर लोकसभा से सांसद चुने गए हैं।

अब लोकसभा चुनाव के रिजल्ट के बाद कोंडागांव जिले के पूर्व कलेक्टर एवं केशकाल के वर्तमान विधायक नीलकंठ टेकाम एक्शन मोड पर नजर आ रहे हैं जिसके तहत उन्होंने जनदर्शन लगाने का निर्णय लिया है।

सुहागिनों ने रखा वट सावित्री व्रत

पति की दीर्घायु और परिवार की समृद्धि की कामना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

नगर में वट सावित्री पर्व सोमवार को श्रद्धा के साथ मनाया गया । सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री का व्रत रखा।

व्रती महिलाओं ने बरगद के पेड़ पर धागा लपेटकर विधिवत पूजा की। गुरुवार की सुबह से ही फरसगांव में महिलाएं अपने सुहाग की सलामती के लिए पूजा-अर्चना करती रहीं। व्रत करने वाली सुहागिनों ने बताया पेड़ में धागा बांधकर अपने पति की दीर्घायु के साथ ही परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। वही व्रत कर रही महिलाओं ने बताया कि अपनी विशेषताओं और लंबे जीवन के कारण वट वृक्ष को अनश्वर माना गया है।

वट वृक्ष की छाँव में ही देवी सावित्री ने अपने पति को पुनः जीवित किया था। इसी मान्यता के आधार पर स्त्रियां अचल सुहाग की प्राप्ति के लिए इस दिन बरगद के वृक्षों की पूजा करती हैं। इस पर्व के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी मिलता है। वृक्ष होंगे तो पर्यावरण बचा रहेगा और तभी जीवन संभव है।

बरगद के पेड़ में धागा लपेटकर की विधिवत पूजा

कुरुद महाविद्यालय में किया गया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ डीके राठौर ने स्वयंसेवकों एवं प्राध्यापकों के साथ पौधरोपण किया। इस अवसर पर हिन्दी विभाग के अध्यक्ष डॉ आरके पाण्डेय, भूगोल विभाग के अध्यक्ष एमएस साहू, वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष एनके मेश्राम, रसायन विभाग के अध्यक्ष राकेश कुमार सोनकर, भौतिकी विभाग के अध्यक्ष कृपाराम साहू, अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. फिरोज सोनवानी, वनस्पतिशास्त्र विभाग की अध्यक्ष श्रीमती शीबा वंजारी, जैव प्रौद्योगिकी विभाग के अध्यक्ष तरुण पटेल, छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा कुरूद के अध्यक्ष हितनारायण टण्डन, सहायक प्राध्यापक अमित टण्डन सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

कबीर जयंती मनाने पनका समाज की हुई बैठक

बस्तर। बस्तर जिला पनका समाज विकास समिति की बैठक आज ग्राम नगरनार में हुई। उक्त बैठक में कबीर जयंती धूमधाम से मनाने हेतु विचार विमर्श किया गया। पनका समाज बस्तर जिला अध्यक्ष राम दास ने समाज के सभी बंधुओं से आग्रह किया कि सदगुरु कबीर साहेब जयंती ग्राम माड़पाल में बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को धूमधाम से मनाना है। बैठक में जिला उपाध्यक्ष बलिराम दास, संपत पंत, त्रिनाथ दास, जगन्नाथ मानिकपुरी, गणेश दास, विजय दास, उमेश दास, प्रेम दास मानिकपुरी सहित समाज के सदस्य मौजूद रहे।

दिव्यांगजनों व वृद्धजनों को वितरित किये जायेंगे व्हीलचेयर

दंतेवाड़ा। जिले में 14 से 16 जून तक दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों के लिए जयपुर फूट कैम्प का आयोजन इंडोर स्टेडियम दन्तेवाड़ा हाई स्कूल ग्राउंड के पास में किया जा रहा है। जिसमें लगभग 890 हितग्राहियों का मापन एवं स्वास्थ्य परीक्षण जयपुर टीम तथा चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा किया जाकर कृत्रिम हाथ पैर कैलिपर्स निर्माण, व्हीलचेयर, सामान्य ट्रायसायकल, वैशाखी, श्रवण यंत्र वितरण किया जावेगा। शिविर के प्रथम दिवस 14 जून को जनपद गीदम, कटेकल्याण, नपं गीदम एवं बारसूर के 408 हितग्राही, द्वितीय दिवस 15 जून को जनपद दन्तेवाड़ा एवं नगर पालिका दंतेवाड़ा के 204 हितग्राही तथा अंतिम दिवस 16 जून को जनपद कुआंकोण्डा, नगर पालिका किरंदुल, बचेली, जिला बीजापुर, सुकमा के कुल 272 हितग्राहियों को लाभान्वित किये जायेंगे। शिविर में सभी सुविधाएं पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध होंगी।

सहायता राशि स्वीकृत

बीजापुर। कलेक्टर अनुराग पाण्डेय द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से पीड़ित परिवार को 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अन्तर्गत तालाब में डूबने से मृत्यु के प्रकरण में मृतिका जिलो कोवासी के निकटतम वारिस उनके पिता मेस्तेर कोवासी को 4 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। इसी तरह सर्पदंश से मृत्यु के एक प्रकरण में मृतिका मासे पोटामी के निकटतम वारिस उनके भतीजा रमेश कर्मा को 4 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है।

विधि-विधान पूर्वक की पूजा-अर्चना

नगर में महिलाओं ने धूमधाम से किया वट सावित्री का व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

नगर में वट सावित्री व्रत धूमधाम से आज मनाया गया। प्रतिवर्ष ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि को यह व्रत किया जाता है। महिलाओं द्वारा व्रत रखकर सुहाग के कल्याण एवं रक्षा की कामना की गई। व्रत को लेकर सुबह से ही महिलाओं द्वारा नगर के बरगद पेड़ों के पास पहुंच कर व्रत पूर्ण किया गया एवं महिलाओं ने वट वृक्ष का पूजन कर वट वृक्ष में कच्चा सूत बांध कर परिक्रमा की। महिलाओं द्वारा वट वृक्ष के नीचे सावित्री व सत्यवान की प्रतिमा स्थापित कर उसकी रोली, अक्षत, कलावा, फूल, फल आदि द्वारा विधि-विधान पूर्वक पूजा की गई। साथ ही बरगद के पेड़ को जल अर्पित किया गया। पंडित विजय कुमार दुबे ने बताया कि प्राचीन काल में सती सावित्री ने इस व्रत को किया था और सदा सुहागन रहने की मंगल कामना की थी। व्रत के परिणामस्वरूप उनके पति की उम्र पूरी हो जाने के बाद भी यमराज ने उन्हें पुनः जीवनदान दिया था। तब से यह व्रत सुहागिन महिलाएं कर रही है और पति की लंबी आयु की कामना करती हैं।

पति की दीर्घायु की कामना

गीदम ब्लॉक के ग्राम बुधपदर व कासोली की माताओं द्वारा अपने पति की दीर्घायु की कामना के लिए वट सावित्री की पूजा व 3 दिन व्रत कर हवन पूजन किया गया। साथ ही पर्यावरण सुरक्षा हेतु पेड़ पौधों को नहीं काटने के संकल्प के साथ-साथ अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संकल्प लिया। विधायक चैतराम अटामी की धर्मपत्नी मल्लिका अटामी, सुखमति इस्ताम, पाकली नेताम, पालो नेताम, नीला इस्ताम, माधवी हेमला सभी लोगों ने 3 दिन तक अखंड दीप प्रज्वलित कर वट वृक्ष की पूजा-अर्चना की और सौभाग्य की रक्षा के लिए भगवान से प्रार्थना की। पर्यावरण की सुरक्षा हेतु बच्चों ने भी पूजा में भाग लिया व वृक्षारोपण का संकल्प लिया।

गायत्री मंदिर निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

बस्तर विकासखंड अंतर्गत ग्राम बालेंगा के पावन धरा पर आज पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न हुआ। जिसमें 22 बच्चों का विद्यारंभ संस्कार एवं चार भाई बहनों का गुरु दीक्षा संस्कार, साथ ही एक मुंडन संस्कार संपन्न हुआ।

यह कार्यक्रम अपने आप में एक अभिनव कार्यक्रम रहा। क्योंकि इस कार्यक्रम में गायत्री परिवार के जिला समन्वयक नित्यानंद यादव की उपस्थिति में गायत्री परिवार जिला ट्रस्ट के निलेश ठाकुर, एआर साहू और पीएन माथुर की उपस्थिति में प्रज्ञा भवन का भूमि पूजन भी किया गया। बहुत जल्द इस स्थान पर एक भव्य गायत्री मंदिर का निर्माण किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन शंभू नाथ नाग एवं ज्ञान प्रकाश कश्यप की टोली ने किया। अंत में आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी की ब्लॉक अध्यक्षा कमला नाग के द्वारा बहनों को आदर्श परिवार के कार्यशाला संबंधी कुछ महत्वपूर्ण बातों की जानकारी अपने उद्बोधन में देकर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस कार्यक्रम में बस्तर विकासखंड सहित अन्य विकास खंडों के भी बड़ी संख्या में परिजनों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को संपादित करने भूनेश चौधरी, बुदसन कश्यप, चैतराम भुआर्य, राम निवास देहारी, निलेश कश्यप, कीरतसिंह, जोहन खवास का विशेष योगदान रहा।

नागरिक अब कयाकिंग, वॉटर रोलर व बंजी ट्रेम्पोलिन का उठा सकते हैं आनंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

मुख्यालय दंतेवाड़ा के मध्य स्थित मां दंतेश्वरी सरोवर का स्वरूप अब तक महज एक सामान्य तालाब ही था। जहां ईद-गिर्द के वाटिका में अकसर लोग प्रातः एवं सांध्य भ्रमण करने के साथ-साथ बच्चे भी इसी वाटिका में खेलकूद करके अपना समय व्यतीत किया करते है। परन्तु प्रशासन द्वारा इस सरोवर को नया स्वरूप दिया जा रहा है।

इसके लिए इस सरोवर में वाटर स्पोर्ट्स की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है और इसके अंतर्गत रोमांचक कयाकिंग, वॉटर रोलर एवं बंजी ट्रैम्पोलिन की सुविधाएं शामिल है। इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी पवन कुमार मेरिया ने बताया कि विगत दिनों कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी अपने नियमित निरीक्षण भ्रमण में तालाब प्रांगण आये हुए थे। इसी भ्रमण के दौरान उन्होंने पाया कि नगरवासी गार्डन तो आ रहे हैं, परन्तु संभावना होते हुए भी यहां बच्चों एवं युवाओं के लिए मनोरंजन के पर्याप्त साधन उपलब्ध नहीं है, इस पर उन्होंने तत्काल ही उन्हें बुलाकर विभिन्न मनोरंजन के प्राक्कलन प्रस्ताव तैयार करने को कहा। तत्पश्चात वाटर स्पोर्ट्स संबंधित प्लान तैयार कर कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया गया और 15 दिवस के भीतर मनोरंजन के विभिन्न साधन उपलब्ध कराये गये। इस प्रकार यहां अब मां दंतेश्वरी एडवेंचर पार्क में बच्चों, बड़ों एवं किशोरों के लिए कयाकिंग, वॉटर रोलर एवं बंजी ट्रैम्पोलिन की सुविधाएं उपलब्ध करा दी गई है और यह बेहद ही कम दर पर हैं और अब यहां के लोगों को इन सुविधाओं का आनंद लेने के लिए बड़े शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं है। वाटर स्पोर्ट्स की सुविधा होने पर विशेष तौर पर स्कूली बच्चे बेहद रोमांचित एवं प्रसन्न है। चूंकि अभी ग्रीष्मकालीन अवकाश चल रहा है, तो मां दंतेश्वरी सरोवर में यह सब सुविधाएं होने से बच्चों की खुशियां दुगुनी हो गई है। और वे शाम होते ही अपने पालकों के साथ एडवेंचर पार्क में आ जाते है, और गर्मी की छुट्टियों का पूरा लुत्फ उठा रहे है। नगर पालिका अधिकारी ने आगे बताया कि इस वाटर स्पोर्ट्स पार्क में रोमांच के साथ-साथ सुरक्षा के पूरे इंतजाम भी किये गये है, लगभग 10 वॉलेंटियर्स का ग्रुप नगर पालिका की निगरानी में पूरे प्रबंधन को संभालते है। इससे तैराकी में निपुण मुख्यालय के युवाओं को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध हुए है। जिन्हें लगभग प्रतिदिन 2 से 3 हजार रुपए की आमदनी हो रही है।

आश्रम-छात्रावास का माहौल रोचक लगे : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आश्रम-छात्रावासों की व्यवस्था में व्यापक सुधार लाने, बेहतर शिक्षा, गुणवत्तायुक्त भोजन नियमित स्वास्थ्य परीक्षण सहित आश्रम-छात्रावासों की परिसर पर स्वच्छता हेतु जिले के सभी आश्रम-छात्रावासों के अधीक्षकों को दिशा-निर्देश देते हुए व्यवस्थाओं की आज व्यापक समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि नए शिक्षा सत्र में बच्चों को आश्रम-छात्रावास का माहौल रोचक लगे, सकारात्मक वातावरण निर्मित हो सके, इसके लिए छोटी-छोटी मरम्मत, रंग-रोगन सहित कक्षाओं एवं परिसरों की नियमित साफ-सफाई बरसात का मौसम आने वाला है, परिसर में पानी की समुचित निकासी हो, गंदे पानी का जमाव बिल्कुल न हो, झाड़ियों की सफाई सहित मध्यान्ह भोजन हेतु रसोई कक्ष की सफाई, रसोईयों की व्यक्तिगत स्वच्छता जिसमें एप्रेन, सिर पर टोपी पहनकर खाना बनाने, नाखून कटे हुए हो, मध्यान्ह भोजन बनाने में स्वच्छ पानी सहित स्वच्छता पर पूरी तरह अमल करते हुए मीनू के आधार पर गुणवत्तायुक्त पौष्टिक आहार बच्चों को मिले दाल की क्वालिटी में बढ़ोत्तरी करने सहित मीनू के आधार पर भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि उनके द्वारा लगातार निगरानी भी की जाएगी। कही भी भोजन की गुणवत्ता में कमी नही होनी चाहिए। वहीं मीनू चार्ट को प्रमुखता से ऐसे जगह लगाए जिसे पालक एवं आम नागरिक आसानी से देख सके।

सभी भवनों में विद्युतीकरण एवं विद्युत कनेक्शन का तार अस्त-व्यस्त न हो, सभी विद्यालयों के कक्षाओं का नाम महापुरूषों के नाम पर नामकरण करने, छात्रा-छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने, मच्छरदानी का उपयोग नियमित करने, निर्धारित तिथि में स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करने, संस्थाओं की अनुपयोगी कबाड़ी समानों का स्थानीय स्तर पर अपलेखन करने, खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों सहित सामान्य ज्ञान की तैयारियां कराने सहित बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव प्रयास करने के निर्देश दिए।

आवास निर्माण को प्राथमिकता देते शीघ्र पूरा करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

कलेक्टोरेट कार्यालय के तृतीय तल सभा कक्ष में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता में आज समय-सीमा की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माण प्रगति एवं पूर्णता की गहन समीक्षा करते हुए तय लक्ष्यों को समय सीमा में पूर्ण करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आवास निर्माण के संबंध में जितने भी प्राथमिक निर्माण गतिविधियां है, उन्हें सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यथा शीघ्र पूरा करें। जिससे कि आवास हेतु निर्धारित लक्ष्य, समय पर प्राप्त किया जा सकें। इसके लिए निरंतर निगरानी एवं मैदानी कर्मचारियों के मध्य समन्वय बनाने की जरूरत है। मानसून सीजन में वृहद वृक्षारोपण के संबंध में कलेक्टर ने कहा कि इसके लिए पूर्व से ही तैयारियां आवश्यक है। इसके तहत रोपण हेतु स्थानों का चयन, गड्ढों की खुदाई, पौधों की उपलब्धता इत्यादि तथ्यों को प्रमुखता देवें, जिसे कि समय पर सफल वृक्षारोपण हो सकें। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मानसून अवधि में कार्य योजनाओं एवं प्रस्तावों को पूर्ण करना सुनिश्चित करें, ताकि आगे के कार्यशील महीनों में बिना विलम्ब के इसका तीव्र गति से क्रियान्वयन हो सकें। उन्होंने आगे कहा कि राज्य शासन की महत्वाकांक्षी नियद नेल्लानार योजना के तहत चयनित ग्रामों में समस्त योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु अभी से रणनीति तैयार करें। इसी आधार पर इन ग्रामों में शत-प्रतिशत आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड एवं केवाईसी प्रकरणों का शीघ्रता से निराकरण करें।

विश्व पर्यावरण दिवस पर ग्रामीणों ने किया 300 पौधों का रोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोकापाल

विश्व पर्यावरण दिवस पर तोकापाल ब्लॉक के ग्राम पंचायत नैननार, कानाकुरुषपाल में ग्राम वासियों ने 300 पौधों का रोपण कर जंगल बचाने की शपथ ली। 5 जून को विश्व पर्यावन दिवस मनाया जाता है। इसी तारतम्य में ग्राम पंचायत नैननार के आश्रित ग्राम कानाकुरुषपाल में सैंकड़ों ग्रामीणों ने अपने ग्राम देवी की पूजा-अर्चना कर स्वयं से 300 गड्ढे खोद कर फलदार पौधों का रोपण किया। राम के वरिष्ठ नागरिक जिन्होंने कई वर्षों तक बच्चों को शिक्षा दी और अब सेवानिवृत्त होने के बाद ग्रामीणों को जल, जंगल के उपयोगिता के बारे में जानकारी दे रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान मंधर नाग ने ग्रामीणों को पौधा लगाने और जंगल को बचाने को लेकर कई महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा बारिश का कम होना और तापमान में वृद्धि होने का कारण जंगल का कटना है। अगली पीढ़ी को कोई तकलीफ न हो, इसके लिए खाली जमीन पर पौधे लगा कर संरक्षण करने का आह्वान किया। साथ ही अपने आस-पास के जंगल को काटने से रोकने का शपथ दिलाया। कार्यक्रम में मौजूद सीसीएफ दुग्गा ने भी ग्रामीणों को विश्व पर्यावरण दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा एक पौधा को बढ़ने में 20 से अधिक वर्ष भी लगता है और बढ़ने के बाद हमें स्वच्छ ऑक्सीजन देता है। जो मानवजाति के साथ-साथ जीव जंतु के लिए भी जरूरी है। इस लिए जंगल को बचाना और पौधा लगाना बहुत जरूरी है। बस्तर में जंगल होने के कारण स्वच्छ ऑक्सीजन हमें मिल रहा है। वहीं दिल्ली जैसे महा नगरों में आज हवा बेहद दूषित हो गया है। ऑक्सीजन खरीदने की नौबत आ रही है, इसलिए जंगल को बचाना बेहद जरूरी है। कार्यक्रम में वन विभाग से चित्रकोट वन परिक्षेत्र के रेंजर प्रकाश ठाकुर, डिप्टी रेंजर राजकुमार मिश्रा, ग्राम पटेल पुरन, पुजारी निरंजन, कोटवार दामू, वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रेम बघेल एवं सचिव रूपचंद मौजूद थे।

प्रकृति के पांचों तत्व की रक्षा करनी है : डॉ. अनिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के पावन धाम वृंदावन कॉलोनी के पहल पर ग्राम आरापुर में वृहद पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर डॉ अनिल बठिजा एडिशनल डीन मेडिकल कॉलेज पाटन, गुजरात, बीके पुरूषोत्तम, बीके नरेश, बीके मंजूषा संस्था प्रभारी द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

- प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की पहल से आरापुर में वृहद पौधरोपण

डॉ अनिल बठिजा ने कहा हमें आज के दिन प्रकृति के पांचों तत्वों की रक्षा करनी हैं। कोई भी तत्व का दुरूपयोग नहीं करना है बल्कि उसका संरक्षण करना है तभी असल मायने में विश्व पर्यावरण दिवस मनाना कहलायेगा। हमें पानी की रक्षा करनी है। पानी की जरूरत आधा गिलास है तो पानी आधा गिलास लें, पानी का दुरूपयोग नहीं करें। आर.ओ. का वेस्टेज पानी जो निकलता है उसे एक बाल्टी में या टंकी में भरकर रखते हैं, फिर उस पानी को बर्तन, कपड़े व साफ सफाई करने में उपयोग कर सकते हैं। उसी तरह से पृथ्वी तत्व की रक्षा करने के लिए जो भी हम अन्न खाते हैं उसे अपनी आवश्यकता अनुसार ही दें। वायु तत्व की रक्षा करने के लिए अपने जीवन में शांति बनाये रखे, धीरज से कार्य करें। जिससे श्वांसे धीरे चलेगी तो वायु तत्व की प्रकंपन नहीं होगा। उसी तरह से विश्व पर्यावरण दिवस के दिन यह संकल्प करें कि हम प्रकृति के पांचों तत्वों की रक्षा करें। बीके पुरूषोत्तम ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन की जिम्मेदारी हम सबको मिलकर संभालना है।

प्रकृति के बिगड़े संतुलन फिर से स्थापित करना है। पर्यावरण का संतुलन बनाये रखने के लिए पेड़ पौधे लगाना आवश्यक है। इस अवसर पर बड़ोदरा से नरेश भाई ने भी उदबोधन दिया। इस दौरान ग्रामवासियों को पर्यावरण की रक्षा के लिए संकल्प दिलाया गया। ग्राम आरापुर के पूर्व जनपद सदस्य भी मौजूद थे। संचालन रमझम कच्छ ने किया।

डॉ. राजपूत बने प्रदेश उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

इलेक्ट्रो होम्योपैथी छत्तीसगढ़ जन चिकित्सक कल्याण समिति के प्रदेश स्तरीय त्रि- वार्षिक चुनाव भिलाई के सन मैरिज पैलेस कैलाश नगर में गत दिवस संपन्न हुआ। इस चुनाव में तीन वर्ष सन 2024 से 2026 के लिए नए पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए।

जिसमें प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीलेश थावरे भिलाई, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. व्हीएस राजपूत बस्तर, कोषाध्यक्ष डॉ. भुनेश्वर साहू मुरमुंदा, महासचिव डॉ. डीआर सिन्हा धमतरी, सहसचिव डॉ. विजय चंद्राकार दुर्ग, उपसचिव डॉ. अवधेश शर्मा रायपुर, संगठन सचिव डॉ. हरीश कुराहे रायपुर, प्रचार सचिव डॉ. कौशल देशमुख बालोद, संगठन प्रवक्ता डॉ.वायके शेरवानी बालोद, प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉ. रमेश सोनसायटी राजिम, संरक्षक डॉक्टर बीएल साहू दुर्ग को चुना गया। इसके उपरांत नए प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीलेश थावरे ने सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन के लिए एकजुट होकर कार्य करने के लिए विश्वास जताया। प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. व्हीएस राजपूत ने अपने संबोधन में संगठन के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए संगठन में ही शक्ति है, इस भाव के साथ सभी मतभेद को भुलाकर एक साथ काम करते हुए इलेक्ट्रो होम्योपैथी की मान्यता के लिए लड़ाई लड़ने की बात कही। संचालन महासचिव डॉ. भुनेश्वर साहू एवं आभार प्रदर्शन महासचिव डॉ. सिन्हा ने किया।

पौधारोपण के साथ सुरक्षा के लिए दी गई जिम्मेदारी

जगदलपुर। विश्व पर्यावरण दिवस पर आदित्यवाहिनी-आनंदवाहिनी के मातृ शक्तियां और पुरुष सदस्यों ने सामूहिक रूप से धरमपुरा नेगीगुड़ा स्थित अनन्या इन्क्लेव कालोनी में पौधरोपण किया। इस दौरान ज्यादातर छायादार पौधे लगाए गए जिससे आसपास का वातावरण ठंडक बना रहे। खासबात यह रही कि प्रत्येक पौधे की देखभाल के लिए कालोनी के एक-एक व्यक्ति का चयन कर उन्हें सुरक्षा की जवाबदारी दी गई। जिससे आने वाले दिनों में पौधों का देखभाल सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर आनंदवाहिनी अध्यक्ष गीता शुक्ला, अलका सेंगर, बबली शुक्ला, शतरूपा मिश्रा, शिखा सामंत, शिखा घोष, प्रीति दास, कल्पना अधिकारी, विभा सेंगर, गीता नागे, रेनू पहरे, नीलम वर्मा, सुधा सिंह, दमती ठाकुर, संगीता, दीप्ति तिवारी व अन्य मातृ शक्तियां सम्मलित थी।

Health Town

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट

समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक

जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

खबर संक्षेप

पौधारोपण के साथ चित्रकला से पर्यावरण पर फोकस

जगदलपुर। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित मिशन वात्सल्य योजना अन्तर्गत जिला कार्यक्रम अधिकारी अरुण पाण्डेय के मार्गदर्शन में बाल देखरेख संस्थाओं में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। साथ ही साथ संस्थागत बालको के मध्य पर्यावरण विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। इस मौके पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी विजय शंकर शर्मा, संरक्षण अधिकारी मनोजकांत जोशी, गुलशन भरिया, विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी, संतोष बैध एवं बाल देखरेख संस्थाओं के अधीक्षक व स्टॉफ उपस्तिथ रहे ।

सीईओ ने किया पीएम आवास का निरीक्षण

जगदलपुर। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बस्तर के द्वारा जनपद पंचायत बकावण्ड के ग्राम पंचायत राजनगर एवं मूली का निरीक्षण किया गया। ग्राम पंचायत राजनगर में 323 आवासों में से 277 पूर्ण एवं 46 आवास प्रगतिरत है एवं ग्राम पंचायत मूली में कुल स्वीकृत 55 आवासों में से 44 आवास पूर्ण एवं 11 आवास प्रगतिरत हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा प्रगतिरत आवासों को 20 जून तथा ग्राम पंचायत वनकोमार में निर्माणाधिन अमृत सरोवरों को 15 जून से पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए।

14 लाख का भुगतान फिर भी दो साल में स्वास्थ्य केंद्र का अहाता नहीं बना

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोदल

विकासखंड मुख्यालय में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए अहाता की माँग लगातार किया जा रहा था और अंततः अहाता के लिए राशि स्वीकृत हुई। अहाता बनाने का काम 6 माह पहले ठेकेदार ने शुरू किया, उसके बाद ठेकेदार गायब हो गया। अहाता नहीं बन पाने के कारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में मवेशी और कुत्ते बसेरा बना रहे हैं, जिससे अस्पताल प्रबंधन परेशान हैं।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दुर्गूकोंदल में अहाता निर्माण की घोषणा कांग्रेस सरकार खनिज न्यास निधि से 19 लाख 96 हजार रूपएं स्वीकृत किया गया था। दो साल बाद भी लापरवाह ठेकेदार और लापरवाह जिम्मेदार अधिकारियों के कारण आज तक काम पूरा नहीं हो पाया। छः माह से काम बंद पड़ा है, उसकी जानकारी आज तक अस्पताल प्रबंधन को नहीं दिया गया है। जानकारी के अनुसार 15 नवंबर 2022 को ठेकेदार को चेक क्रमांक 521372 से 3 लाख 90 हजार और 6 मार्च 2023 को चेक क्रमांक 992344 से 11 लाख रूपएं जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल ने निर्माण एजेंसी को भुगतान किया है। ठेकेदार को 14 लाख 90हजार रूपएं भुगतान के बाद

भी अहाता निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। निर्माण कार्य पूरा नहीं के बावजूद एडवांस 14 लाख 90 हजार रूपएं भुगतान किसके दबाव में किया गया, यह सोचनीय विषय है। कुछ लोगों का कहना है कि इंजीनियर ने भी एडवांस में मूल्यांकन कर दिया है, यह बड़ा सवाल है। इस मामले की सही ढंग से जाँच किया जाएगा, तभी सही तस्वीर सामने आएगी।

बीएमओ डॉ. मनोज किशोरे ने बताया कि अहाता निर्माण कार्य 6 महीने से बंद पड़ा है। निर्माण एजेंसी निर्माण कार्य पूरा कराने ध्यान नहीं दे रही है। इन्होंने बताया कि अहाता निर्माण कार्य की गुणवत्ता भी सही नहीं है, इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को दिए जाने के बाद भी गंभीरता नहीं दिखाया जा रहा है।

दिवस : पेड़-पौधे प्राकृतिक संसाधन, हमारे जीवन के रक्षक : प्राचार्य

चारामा आईटीआई में विश्व पर्यावरण दिवस पर किया गया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था चारामा के प्राचार्य विजिया मंडावी ने परिसर में सभी स्टाप व छात्रों के साथ मिलकर पौधरोपण किया और सभी को पौधों को बचाने का संकल्प भी दिलाया।

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था की प्राचार्य ने इस अवसर पर कहा कि पेड़ पौधे सहित सभी प्राकृतिक संसाधन हमारे जीवन का संरक्षण करते है, लेकिन पर्यावरण प्रदूषण और वनों के विनाश के कारण विश्व भर में विभिन्न प्रकार की आपदाएं आ रही है और भीषण गर्मी बढ़ रही हैं, जिसके रोकथाम के लिए पौधारोपण, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण आदि के लिए सभी को जागरूक होने की आवश्यकता है। प्राचार्य ने स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के लिए पौधे लगाने के लिए सभी को प्रेरित किया और संस्था के सभी कर्मचारी एवं प्रशिक्षाणार्थीयो द्वारा पौधारोपण कर पर्यवारण संरक्षण का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर

संस्था के प्रशिक्षण अधीक्षक एसआर पोया, प्रशिक्षण अधिकारीगण एसआर घृतलहरे, गुलशन रात्रे, विनोद कुमार ध्रुव, महेन्द्र वर्मा, गीतांजली साहू, गजेन्द्र निषाद, कार्यालयीन कर्मचारीगण संतोष कुमार ठाकुर, अरविंद राणा, दिलीप साहू, गौतम जुर्री एवं सभी प्रशिक्षणार्थियों की सक्रिय भूमिका रही।

विश्व पर्यावरण दिवस पर हुईं स्पर्धाएं, बच्चे पुरस्कृत

दुर्गूकोंदल। श्री बजरंग पावर एण्ड इस्पात लिमिटेड गोयल ग्रुप हाहालद्दी और विद्यालय की तरफ से विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया। संस्था में उपस्थित सभी के द्वारा पर्यावरण बचाओ एवं सुरक्षा के लिए शपथ लिया गया। इसके बाद माइंस प्रबंधन की ओर से विद्यार्थियों को पर्यावरण दिवस के अवसर पर भूमि का पुर्नद्धार, मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने की शक्ति तथा स्लोगन हमारी भूमि, हमारा भविष्य, हम पुनर्द्धार की पीढी है, आदि थीम पर प्राथमिक, मिडिल और हाईस्कूल सतपर प्रतियोगिता हुई। प्राथमिक स्तर मे प्रथम तानिया दरेंद्ध, द्वितीय यशस्वी, तृतीय देवेंद्ध, मिडिल स्तर में प्रथम जोत्सना गावडे, द्वितीय धारिका सिन्हा, तृतीय आरुषि, हाईस्कूल स्तर में किरण कांगे, डिंपल भुआर्य, कृतिका बघेल विजयी रहे। अतिथियों ने विजयी प्रतिभागियों को पुरूस्कृत किया और शामिल होने वाले सभी बच्चों को सांत्वना पुरूस्कार दिया गया।

गितपहर में वृक्ष मित्र मंडल का किया गठन, पेड़ों की रक्षा की दिलाई शपथ

चारामा। पर्यावरण की प्रति लोगों में जागरूकता उत्पन्न करने व पर्यावरण को बचाने के उद्देश्य से ग्राम गितपहार के छोटे-छोटे बच्चों द्वारा 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्ष मित्र मंडल का गठन किया गया। वृक्ष मित्र मंडल के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा ग्राम संस्थापक भूमिहार बाबा व ग्राम संस्थापिका बूढ़ी दाई के सम्मान में पेड़ लगाने की शुरुआत गोंडवाना समाज भवन में किया गया। ग्राम प्रमुख बिरजू मांडवी ने बताया कि प्रकृति ने इस गांव को पहाड़ के रूप में एक अमूल्य उपहार दिया है। आज से 30-40 साल पहले ग्राम गितपहार का पहाड़ बड़े-बड़े वृक्षों से आच्छादित था। ग्रामवासियों के अदूरदर्शी सोच की वजह से आज गांव का पहाड़ वीरान सा हो गया है। विभिन्न प्रकार के जंगली जीव चीता, तेंदुआ, भालू, बंदर, हिरण, सांभर, जंगली गाय, जंगली सूअर, मोर और विभिन्न प्रकार के पक्षियों का बसेरा रहा है। जंगली जानवरों की आवाज गांव तक स्पष्ट रूप से सुनाई देती थी। बारिश के दिनों में मोर पक्षियों की मनमोहन आवाज गांव में गूंजती रहती थी। असंख्य बंदरों की धड़ाम चौकड़ी, झुंड में हिरण, सांभर की उछल कूद मन को हर्षित करने वाला होता था। आज यह सारे जंगली जीव विलुप्त हो चुके हैं। पहले गांव का पहाड़ लोगों की जीवन यापन का आधार था। पहाड़ से महुआ, चार, चिरौंजी, हर्रा,बेहरा, आम, आंवला एकत्रित करके आर्थिक लाभ प्राप्त होता था। विनय शेवता ने उम्मीद जताई की गांव के पहाड़ को पुनः पुरानी स्थिति में लाया जा सकता है। इसके लिए पूरे गांव के लोगों को प्रयास करना होगा। ग्राम प्रमुख रमेश मरकाम ने बच्चों को पेड़ों की रक्षा करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर रमेश मरकाम, रामरत्ती कुंजाम, शिवराम शोरी, दिलीप सेवता, दीक्षा सेवता व ग्रामीण उपस्थित रहे।

सिकलसेल की रोकथाम के लिए जांच की और कार्ड बांटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

जिले के 0 से 40 आयु वर्ग के सभी व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की जा रही है और स्क्रीन किए गए प्रत्येक व्यक्ति को एक सिकल सेल कार्ड प्रदान किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ. अविनाश खरे ने कार्ड का वितरण किया।

सीएमएचओ ने बताया कि यह कार्ड प्रदर्शित करेगा कि व्यक्ति की स्थिति कैसी है, उसके उपरांत उपचार के बारे में उल्लेखित रहेगा। जिले में अब तक 427658 व्यक्तियों की जांच की जा चुकी है, जिसमें 4418 सिकल सेल वाहक एवं 455 सिकल सेल रोगी पाए गए है, जिनका नियमित उपचार चल रहा है । यह बीमारी शत प्रतिशत रोकी जा सकती है, यह बहुत ही महत्वपूर्ण मिशन है। इसमें इस्तेमाल किए जा रहे जैनेटिक कार्ड से सिकल सेल की रोकथाम में मदद मिलेगी। सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन का उद्देश्य वर्ष 2047 तक सिकल सेल आनुवंशिक संचरण को समाप्त करना है, सिकल सेल का प्रभाव अकेले रोगी को ही नहीं बल्कि पूरे परिवार को होता है।

5 हेक्टेयर रिक्त वन भूमि में किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

आमचो जंगल, आमचो अधिकार अभियान के तहत ग्राम कामदेव, कुरुषपाल में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर

- वन विभाग ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

ग्रामीणों के साथ वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और सीसीएफ आरसी दुग्गा शामिल रहे। इस पर ग्राम सभा द्वारा 5 हेक्टेयर रिक्त वन भूमि में पौधारोपण की तैयारी की जा रही है, जिसके लिए गांव के लोगों ने 300 गड्ढे खुदाई का कार्य पूरा कर लिया है। ग्राम सभा कामदेव कुरुषपाल के प्रमुख मनधर नाग ने अपने गांव में पर्यावरण और वन संसाधन के संवर्धन पर किए गए प्रयासों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे ग्राम सभा ने लोगों को एकजुट किया और पर्यावरण को एक महत्वपूर्ण विषय बनाया। कार्यक्रम में

उपस्थित अनुभव शोरी ने विश्व पर्यावरण दिवस के ऐतिहासिक पहलुओं और वन अधिकार कानून के अंतर्गत सामुदायिक वन संसाधन अधिकार के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बस्तर में बढ़ती पर्यावरणीय समस्याओं के बारे में बताया और टिकाऊ विकास की अपील की। कार्यक्रम के अंत में पौधारोपण का शुभारंभ किया गया, जिसमें 30 पौधे लगाए गए। आगामी दिनों में पूरे 5 हेक्टेयर भूमि पर पौधारोपण करने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम में वन विभाग के परिक्षेत्र अधिकारी प्रकाश ठाकुर, पुष्पलता नाग, तुलाराम कश्यप, हेमंत बघेल और पंचायत सचिव आदि शामिल रहे।

आजीविका साधनों को बढ़ावा दें

वन विभाग जगदलपुर के मुख्य वन संरक्षक बस्तर वृत्त आरसी दुग्गा ने जंगलों के संरक्षण के साथ-साथ आजीविका विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे वैकल्पिक आजीविका साधनों को बढ़ावा दें ताकि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना लोगों की आय बढ़ाई जा सके। आकाशवाणी जगदलपुर रेडियो के निदेशक बलबीर कच्छ ने हल्बी गीतों के माध्यम से पर्यावरण का महत्व समझाया।

अच्छी जिंदगी जीने का प्रयास करें

बस्तर जंगलों पर अनुसंधान कर रही पीएचडी छात्रा श्रुति सामंथा ने जलवायु परिवर्तन और उसके प्रभावों पर चर्चा की। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे प्रकृति को नुकसान पहुंचाए बिना एक अच्छी जिंदगी जीने का प्रयास करें। रूखमणी कर्मा ने आदिवासी जीवन शैली के महत्व पर बल दिया और इसे बढ़ावा देने की अपील की।

मांझापारा में बुजुर्ग महिला के घर चोरी, 20 हजार नकद लेकर दो आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

शहर कांकेर के बीचोंबीच स्थित मांझापारा में बीती रात को बुजुर्ग महिला के घर दो अज्ञात चोर जबरदस्ती घुस गए। दोनो चोरो ने मिलकर आलमारी और बटुआ में रखे 20 हजार रूपएं की चोरी कर फरार हो गए।

थाना में शिकायत करने पहुंची मांझापारा कांकेर निवासी 90 वर्षीय परमेश्वरी केशवानी पति वाधुमल केशवानी ने पुलिस को बताया कि 4 जून की रात घर मे अकेली सो रही थी और रात करीबन 12 से 1 बजे के मध्य कोई अज्ञात व्यक्ति दरवाजा खटखटाया। मै बिस्तर से उठकर दरवाजा खोली तो सामने दो व्यक्ति खड़े थे, जिसमें से एक व्यक्ति सफेद कपड़ा पहने हुए नाटा कद का था और दूसरा व्यक्ति पीछे खड़ा था। दोनो व्यक्ति जबरदस्ती घर अंदर घुसकर बिस्तर के नीचे रखे आलमारी के चाबी को निकालकर आलमारी को खोला और उसमें रखे करीबन 15 हजार रूपएं तथा बटुआ में रखे चिल्हर नोट करीबन 5 हजार रूपएं कुल 20 हजार रूपएं को निकाल कर चोरी कर भाग गए। मेरे

विरोध करने के बाद मुझे धक्का भी दे दिया। पुलिस ने शिकातय पर दो अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 380, 457 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

बीती रात को जिस ढंग से चोरो ने अकेली बुजुर्ग महिला के घर घुसकर घटना को अंजाम दिया है, इससे स्पष्ट है कि दोनो चोर महिला को पहले से जानते थे और उसने पैसा कहाँ रखा है, इसकी भी जानकारी थी। शहर के बींचोबीच जिस ढंग से दिलेरी से चोरी की घटना को अंजाम दे रहे है, उससे स्पष्ट है कि चोरो के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे है। शहरवासियों की माँग है कि शहर के मध्य ऐसी हो रही घटनाओं पर लगाम कसने की जरूरत है, उसके लिए पुलिस को सख्ती बरतनी होगी।

इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

जगदलपुर। रावतपुरा सरकार संस्थान विश्व पर्यावरण दिवस पर लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमे संस्थान के छात्रगण उपस्थित रहे। अंतरराष्ट्रीय



पर्यावरण दिवस पर नर्सिंग स्टूडेंट्स व कॉलेज के कर्मचारियों ने 20 विभिन्न प्रकार के पौधे का रोपण कॉलेज कैंपस में किया। छात्र-छात्रों ने पौधरोपण कर सहभागिता निभाई। रावतपुरा लोक कल्याण ट्रस्ट के उपाध्यक्ष जे.के. उपाध्याय ने सभी को शुभकामनाएं दी।

बाल संप्रेषण गृह में पर्यावरण को बचाने लगाए पौधे

जगदलपुर। वृंदावन कालोनी स्थित बाल संप्रेषण गृह में बुधवार को चित्रकला स्पर्धा का आयोजन किया गया। इस मौके पर पर्यावरण का संदेश देते हुए बच्चों ने अपनी भावनाओं को उकेरा। इसके अलावा आयोजन समिति के सदस्य व अतिथियों ने यहां के परिसर में पौधरोपण कर बस्तर को हरा-भरा रखने का संकल्प दोहराया। पौधरोपण में राकेश यादव, भूमिका संगवानी, सिद्धार्थ सोनी, अजय श्रीवास्तव, तृप्ति परेडा, विक्रम सिंह रहे। इसके अलावा पौधरोपण में महफूजा हुसैन, हर्षिता दास, सिद्धार्थ पटनायक, प्रशांत दास, राहुल साव, द्वियांश सिंघल, गौरव एंगर, शुभम सोनी, पीयुष पांडे ने सहयोग दिया।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
पता - धमतरी. मो.नं. : 9993010732
लकवा, शरीर में होने वाले सभी प्रकार के दर्द, साइटिका, नस रोग
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

मनरेगा अंतर्गत निर्मित अमृत सरोवर में किया गया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जिले में निर्मित समस्त अमृत सरोवरों में शासन के निर्देशानुसार विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण किया गया। ग्राम पंचायत बिलोरी जनपद पंचायत जगदलपुर में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रकाश सर्वे की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्राम पंचायत के सरपंच, पंच, स्व सहायता समूह के सदस्य, स्वच्छा ग्राही एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में अमृत सरोवर पर फलदार एवं छायादार पौधों जैसे आम, कटहल, आंवला, नीम, जामुन, अमरूद आदि का रोपण किया गया। कार्यक्रम में रोपित पौधों की सुरक्षा के लिए ग्रामीणों को संकल्पित करवाया गया साथ ही शपथ भी लिया गया। इसी तर्ज पर समस्त जनपदों में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत के उपस्थिति में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया।

न्यायाधीश व अधिवक्ता संघ ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

न्यायालय परिसर में रोपित किए फलदार व छायादार पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष, जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनीष कुमार ठाकुर के मार्गदर्शन पर प्राधिकरण के सचिव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायाधीश रूपनारायण पठारे प्राधिकरण द्वारा जिला न्यायालय परिसर अधिवक्ता संघ के ग्रंथालय जगदलपुर में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया।

इसमें फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान स्थायी लोक अदालत के चेयरमेन जयदीय विजय निमोणकर ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी का दायित्व है इसे मुस्कराते हुए निभाएं। पर्यावरण संरक्षण अति आवश्यक है पौधे लगाएं और उसे वृक्ष बनते तक संरक्षण प्रदान करें। प्रथम जिला न्यायाधीश अजय सिंह

राजपुत ने कहा कि इन दिनों पर्यावरण असंतुलित होने के कारण मौसम में भी बदलाव आया जो आम लोगों के जन जीवन को भी प्रभावित कर रहा है। प्राकृतिक रूप से वृक्षों और पेड़ पौधों से ही हमे शुद्ध आक्सीजन प्राप्त होता है, इनका संरक्षण और संवर्धन जरूरी है।

बस्तर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अरूण कुमार दास ने कहा कि एक पृथ्वी थीम के साथ 1972 में विश्व पर्यावरण दिवस की शुरूआत की गई थी लेकिन 5 जून 1974 से इसे बृहदरूप में लागू किया गया। उन्होने यह भी कहा कि जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में जो भी वृक्षा रोपण किया जा रहा उसके संरक्षण का दायित्व स्वयं करेंगें। नवीन कुमार ठाकुर वरिष्ठ अधिवक्ता एवं डिप्टी चीफ लीगल एड कौंसिल जगदलपुर ने अपनी पुरानी परंपराओं की स्मृति दिलाते हुए कहा कि बरगद आंवला नीम एवं पीपल जैसे वृक्षों में देवता निवास करते हैं इस भावना के साथ वृक्षों का भी संरक्षण किया जाता है। कार्यक्रम का संचालन संघ की महिला उपाध्यक्ष श्रीमती हेलिना मोजेस ने किया।